संदेश

छठ पूजा के अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

छठ पूजा एक ऐसा अवसर है जिसमें हम प्रकृति के प्रति अपनी श्रद्धा, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए, श्रद्धालु सूर्य और नदियों की पूजा करके कठिन व्रत के साथ दिन की शुरुआत करते हैं। प्रकृति की उपासना करते हुए जलाशयों में पवित्र स्नान के साथ इस उपवास का समापन होता है। यह पर्व, मानव और प्रकृति के बीच परस्पर सामंजस्य का अनुपम उदाहरण है।

मेरी कामना है कि इस वर्ष की छठ पूजा पर लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हों, सभी लोग स्वस्थ और खुशहाल रहें।

आइए, इस अवसर पर यह संकल्प लें कि हम, अपने जल स्रोतों सहित अपने पर्यावरण को प्रदूषण-मुक्त बनाएंगे।

****